तापमान

भोपाल	23.0°	26.0°
इंदौर	22.0°	26.0°
जबलपुर	24.0°	29.0°
ग्वालियर	26.0°	30.0°
सागर	24.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 234, पृष्ठ 12)
आषाढ़, शुक्ल नवमी संवत् 2083
गुरुवार, 23 जुलाई 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जरूरी ...

व्यापार... सब्सक्रिप्शन के लिए खुला श्री बालाजी माला ...

खेल... मेक्सिको के दिग्गज गोलकीपर गुइलेर्मो ओचोआ ने ...

देश-विदेश... कनाडा ने पाकिस्तान को करोड़ों डालर...

खास-खबरें

आतंकियों का हमला, पुलिसकर्मी शहीद

नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। यह हमला अनंतनाग-कोकरनाग मार्ग पर उस समय हुआ जब पुलिस के जवान ड्यूटी पर तैनात थे। हमले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के दो जवान घायल हो गए, जिनमें से एक पुलिसकर्मी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। शहीद की पहचान बडगाम निवासी आशिक हुसैन के रूप में हुई है, जो इंडियन रिजर्व पुलिस की तीसरी बटालियन में तैनात थे।

लाठीचार्ज मामले में सुप्रीम कोर्ट की 'ना'

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है। जब वकील ने दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा कि हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए।

कुणाल घोष एक दिन के लिए निलंबित

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को उस समय भारी हंगामा हो गया, जब तृणमूल कांग्रेस विधायक कुणाल घोष और पार्टी के बागी विधायक अखरुज्जमां के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद बढ़ने पर विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर मार्शलों ने कुणाल घोष को सदन से बाहर निकाल दिया। अखरुज्जमां अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए थे। इसी दौरान कुणाल घोष वेल में पहुंच गए और उनके भाषण का विरोध करने लगे।

स्वामी गिरी बने धार्मिक समिति के अध्यक्ष

नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्याः श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को अयोध्या में हुई बैठक में धार्मिक समिति के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी को सात सदस्यीय धार्मिक समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में सात सदस्यों में से पांच संत अयोध्या के होंगे और यह मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों तथा परंपराओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेगी।

सहारनपुर के मीट प्लांट में अमोनिया गैस रिसाव

नईदुनिया ब्यूरो, सहारनपुरः उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी थाना क्षेत्र स्थित एक मीट प्रोसेसिंग प्लांट में अमोनिया गैस रिसाव होने से 14 महिला कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई। सभी प्रभावित कर्मचारियों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। अधिकारियों के अनुसार सभी की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। अमोनिया गैस लीक होने से कर्मचारियों को सांस लेने में तकलीफ, चक्कर और घबराहट की शिकायत होने लगी।

पेपर लीक और शिक्षा की बदहाली को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़े

काले कपड़े में सांसदों का जोरदार प्रदर्शन

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर निकाले गए संसद तक मार्च में छात्रों के साथ की गई बर्बरता के विरोध में बुधवार सुबह प्रमुख विपक्ष के सांसद काले लिवास पहन संसद पहुंचे। संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने काले कपड़े में जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अखिलेश यादव व अन्य विपक्षी सांसद नारे लगाते नजर आए। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन से ही पेपर लीक और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा वाला मुद्दा गूंज रहा है। विपक्ष ने संसद तक मार्च के दौरान युवाओं पर की गई पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार को घेरा है। मंगलवार को पीएम आवास के करीब कांग्रेस के धरने के दौरान राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं को हिरासत में लिया गया और कुछ समय बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इसके बाद यह प्रदर्शन दिल्ली के साथ-साथ अन्य राज्यों तक पहुंच गया है। जगह-जगह लोग प्रदर्शन कर गिरफ्तारियां दे रहे हैं। इसे देखते हुए बुधवार सुबह सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के तौर पर अनेक सांसद काले लिवास में संसद पहुंचे हैं और प्रदर्शन किया है।

नीट पर घमासानः खड़गे ने मांगा प्रधान का इस्तीफा, सदन स्थगित

संसद के मानसून सत्र में बुधवार को विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले और कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा किया। हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की गई। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया विपक्ष नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी करेगा जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दे। कांग्रेस नेता खड़गे ने कहा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान पहले इस्तीफा दें, फिर सदन में चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले इस बात का आश्वासन दें। दरअसल, सरकार सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा को तैयार है, लेकिन विपक्ष ने मंत्री के इस्तीफे को पूर्व शर्त बना दिया है। दूसरी ओर, मोदी सरकार ने विपक्ष के रुख को राजनीति से प्रेरित बताया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले तीन दिनों से लगातार नीट पेपर लीक मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है, लेकिन विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के व्यवहार को बहुत गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने कहा, हम संसद में उनके लोकतंत्र-विरोधी व्यवहार को साफ देख सकते हैं। संसदीय मर्यादा को तार-तार किया जा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन हो रहा है, जबकि केंद्र सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तत्पर है। इस गतिरोध के चलते बुधवार को दोनों सदनों में कोई कामकाज नहीं हो सका।

जंतर-मंतर की घटना और पेपर लीक पर हंगामा

हाथों पर काली पट्टी बांध विधानसभा पहुंचे कांग्रेसी

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी और पेपर लीक के मुद्दों को लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक हाथों पर काली पट्टी बांधकर सदन पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले आज कांग्रेस विधायकों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर सदन पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि दिल्ली में अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ। विधानसभा में इस पर चर्चा की मांग की गई, लेकिन भाजपा सरकार जवाब देने से बच रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीट पेपर लीक, भर्ती घोटाले, बेरोज़गारी और छात्रों पर अत्याचार, यही भाजपा सरकार की युवा नीति बन गई है। युवा जवाब मांग रहे हैं, सरकार सिर्फ अहंकार दिखा रही है। हरदा से कांग्रेस विधायक आर.के. दोगने ने देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया।

किसान मुआवजे के मुद्दे पर सरकार को घेराः *हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने किसानों के बकाया मुआवजे का मामला भी उठाया। उन्होंने सरकार से सीधे सवाल किया कि प्रदेश के लगभग 15 हजार प्रभावित किसानों का 27 करोड़ रुपये का बकाया मुआवजा आखिर कब तक जारी किया जाएगा। सिंघार ने कहा कि सरकार खुद मान चुकी है कि यह राशि बकाया है, लेकिन भुगतान करने में टालमटोल कर रही है।*

सत्तापक्ष ने बताया पब्लिसिटी स्टंट : *विपक्ष की नारेबाजी के बीच सत्तापक्ष ने कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को महज एक राजनीतिक ड्रामा करार दिया। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास जनता से जुड़ा कोई वास्तविक मुद्दा नहीं है और वे केवल मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए सदन की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं।*

विपक्ष के विरोध के बीच प्रधानमंत्री मोदी से मिले शरद पवार और सुप्रिया

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार और सांसद सुप्रिया सुले ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रधानमंत्री कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी तस्वीरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शरद पवार का स्वागत करते हुए दिखाई दिए। बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि, बैठक के एजेंडे को लेकर आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। राजनीतिक हलकों में इस मुलाकात को संभावित परिसीमन विधेयक के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार यदि संसद में यह विधेयक लाती है तो उसे पारित कराने के लिए व्यापक समर्थन की आवश्यकता होगी। ऐसे में एनसीपी (शरदचंद्र पवार गुट) के सांसदों का समर्थन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हाल ही में सुप्रिया सुले ने संकेत दिया था कि यदि सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर सरकार लिखित आश्वासन देती है, तो उनकी पार्टी विधेयक पर सकारात्मक रुख अपना सकती है। इस मुलाकात के बाद एनसीपी (शरद पवार गुट) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की अटकलें भी तेज हो गई हैं।

सीजेपी प्रदर्शन के चलते दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशन अगले आदेश तक बंद

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः *राजधानी दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने बुधवार को शहर के 16 मेट्रो स्टेशनों को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया है। यात्रियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित स्टेशनों पर प्रवेश और निकास पूरी तरह बंद रहेगा। हालांकि, डीएमआरसी ने स्पष्ट किया है कि राजीव चौक, मंडी हाउस और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर इंटरचेंज की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी, ताकि विभिन्न मेट्रो लाइनों के बीच यात्रियों का आवागमन प्रभावित न हो।*

सरकार के भरोसे आज ही अनशन खत्म करने को तैयारः सोनम

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा है कि यदि सरकार छात्रों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का भरोसा देती है, तो वह आज ही अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने के लिए तैयार हैं। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से जारी एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि उनके अनशन को 25 दिन पूरे हो चुके हैं और कई सांसद उनसे अनशन समाप्त करने की अपील कर चुके हैं। वांगचुक ने कहा, अनशन के 25 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मैं अभी भी जिंदा हूं।

विरोध कर रहे स्टूडेंट्स आतंकवादी नहीं, हमारा भविष्य हैं : राहुल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धर्मेंद्र प्रधान, प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स और प्रधानमंत्री के घर के बाहर किए गए धरने की बात की। सांसद राहुल गांधी ने कहा, सवाल यह है कि हमारे स्टूडेंट्स के साथ ऐसा क्यों हो रहा है। आखिर हमारे छात्रों ने क्या ग़लती की है? उनके सामने सुरक्षा बल हथियार लेकर खड़े हैं। उन्होंने ऐसा क्या ग़लत किया है? राहुल गांधी ने कहा कि विरोध कर रहे स्टूडेंट्स आतंकवादी नहीं, वे हमारा भविष्य हैं।

12 चीनी नाविकों को बचाने पर चीन ने जताया भारत का आभार, सैन्य सहयोग बढ़ाने की इच्छा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भारत में चीन के नए रक्षा अताशे रियर एडमिरल यू जियान ने केरल तट के पास संकटग्रस्त कार्गो जहाज से 12 चीनी नाविकों को सुरक्षित बचाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि चीन इस मानवीय सहायता को कभी नहीं भूलेगा और भारत के साथ सैन्य तथा राजनयिक सहयोग को आगे बढ़ाने का इच्छुक है। रियर एडमिरल यू जियान ने यह बात चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की स्थापना की 99वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जून में केरल तट के पास आग और विस्फोट की चपेट में आए एक मालवाहक जहाज से भारतीय बलों ने 12 चीनी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाला था, जो दोनों देशों के बीच मानवीय सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

नियुक्ति *नीति आयोग के सीईओ बने अनुराग जैन...*

अशोक वर्णवाल बने स्थानापन्न मुख्य सचिव

मप्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन की नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर नियुक्ति के साथ ही प्रदेश में नए मुख्य सचिव की तलाश तेज हो गई है। केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने बुधवार को 1989 बैच के मध्यप्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग जैन की दो वर्ष के लिए नीति आयोग के सीईओ पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी। वे वर्तमान में प्रदेश के मुख्य सचिव हैं और 31 अगस्त 2026 तक उनका कार्यकाल निर्धारित था। अनुराग जैन अक्टूबर 2024 में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव बने थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार भी मिला था। इससे पहले वे केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। प्रशासनिक और नीतिगत मामलों में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें नीति आयोग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बीच, राज्य सरकार ने 1991 बैच के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को अस्थाई रुप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य सचिव नियुक्त किया है। अनुराग जैन के दिल्ली जाने संबंधी आदेश के साथ ही प्रदेश के नए मुख्य सचिव को लेकर प्रशासनिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई थीं। इनमें वरिष्ठता के आधार पर 1990 बैच के डॉ. राजेश राजौरा की दावेदारी सशक्त मानी जा रही थी लेकिन वे एक बार फिर चूक गए हैं। हालांकि अभी भी चर्चा है कि नए मुख्य सचिव के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केन्द्र की सहमति से निर्णय लेंगे। माना जा रहा है कि केन्द्रीय नेतृत्व ऐसे अधिकारी को अगला मुख्य सचिव नियुक्त करना चाहता है जिसका कार्यकाल लम्बा हो जबकि श्री वर्णवाल और डॉ. राजौरा छह से आठ माह में ही सेवानिवृत होने वाले हैं।

(शेष पेज 12 पर)